# भूमिगत टैंक की सफाई में उतरे 2 कर्मचारी हुए बेसुध

## जिला चिकित्सालय में उपचार जारी, 20 वर्ष से बंद पड़ा था टैंक

**नवभारत न्यूज**

**सतना 3 अगस्त. शहर के सेमरिया चौराहा के निकट स्थित एक पट्रोल पंप के लगभग 20 साल से बंद पड़े भूमिगत डीजल टैंक की सफाई करने के लिए उतरे 2 कर्मचारी बेसुध होकर गिर गए.**

एसडीआरएएफ की सहायता नहीं मिलने पर आनन-फानन में ननि के दमकल कर्मियों ने मोर्चा संभाला और किसी तरह दोनों कर्मचारियों को टैंक से बाहर निकाला. दोनों कर्मचारियों का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है, जहां पर उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार रीवा




रोड पर सेमरिया चौराहा के निकट विंध्य फिलिंग नामक पेट्रोल पंप स्थित है. उक्त पंप में मौजूद एक डीजल टैंक जो कि पिछले लगभग 20 वर्ष से बंद पड़ा था, उसकी सफाई के निर्देश हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के जबलपुर स्थित डिपो से दिया गया था. इसी कड़ी में जबलपुर डिपो से प्रशांत सिंह तोमर और नीरज नामक दो कर्मचारियों को डीजल टैंक की सफाई कराने के लिए सतना के उक्त पेट्रोल पंप में भेजा गया था. बताया गया कि सोमवार की दोपहर वर्षों से बंद पड़े डीजल टैंक को खोलने के बाद दोनों कर्मचारी उसकी सफाई करने के लिए नीचे उतर गए. इस दौरान दोनों कर्मचारियों को न तो आक्सीजन मास्क उपलब्ध कराए गए और न ही यह पता लगाया गया कि टैंक में खतरनाक गैस तो मौजूद नहीं है. लेकिन नीचे उतरते ही दोनों बेसुध होकर गिर गए. घटना की गंभीरता को देखते हुए फौरन ही डायल 112 को कॉल किया गया. लेकिन स्टॉफ नहीं होने का हवाला देते हुए एसडीआरएएफ द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने में असमर्थता जाहिर की गई. जिसे देखते हुए महापौर योगेश ताम्रकार द्वारा फायर फाइटर्स को मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू करने के निर्देश दिए गए.

### पुरस्कार की घोषणा

इस घटना के संबंध ममें महापौर योगेश ताम्रकार ने जानकारी देते हुए बताया कि ननि की फायर टीम ने साहस, अनुशासन, कर्त्तव्यनिष्ठा और मानवे सेवा भावना की मिसाल प्रस्तुत की है . फायर टीम की त्वरित और साहसिक कार्रवाई की वजह से ही दोनों मजदूरों का सुरक्षित रेस्क्यू संभव हो सका . जिससे देखते हुए महापौर द्वारा रेस्क्यू अभियान में शामिल रहे फायर टीम के 6 सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 5100 की प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने की घोषणा की गई .

### सुरक्षा के साथ टैंक में उतरे

फायरमैन सुनील चौधरी, कौशलेंद्र सिंह, निलेश बुनकर, राजा बाबू विनीत राव और चालक जयपाल साकेत ने टीम की तरह पूरी सर्तकता-सूझबूझ के साथ-साथ साहस का परिचय देते हुए रेस्क्यू अभियान शुरु किया . हाइड्रोलिक एरियल लैडर मशीन की मदद से सुरक्षा उपकरणों के साथ टैंक में उतरकर फायर फाइटर्स ने एक एक करके दोनों बेहोश कर्मचारियों को बाहर निकाल लिया . जिसके फौरन बाद ही उन्हें एंबुलेंस के जरिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया . जहां पर उनकी हालत को देखते हुए वेंटीलेटर सपोर्ट देकर जान बचाने का प्रयास शुरु कर दिया गया . बताया गया कि दोनों कर्मचारियों की हालत स्थिर लेकिन खतरे से बाहर है .



# कार की टक्कर से मासूम की

## गुस्साए ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 अगस्त । बरगवां थाना क्षेत्र के चरखी पहाड़ी के पास पैदल अपने घर जा रहे एक 8 साल के मासूम बालक को अज्ञात बोलेरो वाहन के चालक ने रौंदते हुये फरार हो गया, जहां बालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सड़क हादसे को लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। पुलिस मौके से पहुंच लोगों को समझाबुझा कर लोगों को शांत कराया। यह घटना दोपहर 12:30 बजे की है।**

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पोड़ी तृतीय निवासी सुनील साकेत का 8 वर्षीय पुत्र चंदन साकेत सड़क मार्ग से पैदल घर तरफ आ रहा था कि तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने टक्कर मार दिया और इस घटना में चंदन साकेत की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही चालक बोलेरो वाहन के साथ फरार हो गया। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने शव को सड़क पर रख कर आवागमन बाधित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बरगवां एवं गोनर्रा पुलिस मौके से पहुंच चक्काजाम कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। पुलिस अज्ञात बोलेरो चालक के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध तलाश में जुट गई।

# ई-अटेंडेंस नहीं, 88 कर्मचारियों का वेतन

## डीईओ कविता त्रिपाठी की बड़ी कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 अगस्त। लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश के निर्देशों के पालन में जिला शिक्षा अधिकारी कविता त्रिपाठी ने ई-अटेंडेंस में लापरवाही बरतने वाले शिक्षा विभाग के 88 लोक सेवकों का जुलाई का वेतन अस्थायी रूप से रोक दिया है। यह कार्रवाई ई-अटेंडेंस के आधार पर वेतन आहरण की अनिवार्यता के तहत की गई है।**




जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जुलाई माह में नियमित ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं होने के कारण संबंधित कर्मचारियों के अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे। इनकी जांच के लिए पांच सदस्यीय परीक्षण समिति गठित की गई। समिति ने प्रत्येक प्रकरण का परीक्षण करने के बाद जिन कर्मचारियों द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं की गई, उनका वेतन रोकने की अनुशंसा की। विकासखंडवार आंकड़ों के अनुसार देवसर के 56, चितरंगी के 22 तथा बैढ़न के 10 कुल 88 लोक सेवकों का जुलाई माह का वेतन रोका गया है। डीईओ कविता त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि यदि संबंधित कर्मचारी अगस्त माह में प्रत्येक कार्य दिवस नियमानुसार पूर्ण ई-अटेंडेंस दर्ज करेंगे, तो समीक्षा उपरांत जुलाई का रोका गया वेतन नियमानुसार जारी कर दिया जाएगा। साथ ही सभी कर्मचारियों को शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# अब तक एमएसपी पर हुई मूंग की मात्र 40 फीसदी

## खरीदी अंतिम चरण में, शासन ने दो हजार क्विंटल का लक्ष्य किया था तय

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 03 अगस्त स्थानीय कृषि उपज मंडी में समर्थन मूल्य पर चल रही मूंग की खरीदी अब अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर चुकी है। हालांकि, सरकार द्वारा तय किए गए खरीदी के अनुमान की तुलना में अब तक महज 40 प्रतिशत ही मूंग की आवक हो सकी है। मंडी में सरकारी लक्ष्य पूरा न होने की सबसे बड़ी वजह खरीदी के कड़े नियम और प्रशासनिक फैसलों में हुई देरी को माना जा रहा है।**



शुरुआत में शासन द्वारा 1 एकड़ में सिर्फ 80 किलोग्राम मूंग की खरीदी का ही नियम तय किया गया था। इस सीमित सीमा के कारण किसान अपनी उपज का एक छोटा हिस्सा ही समर्थन मूल्य पर बेच पा रहे थे और बाकी बची हुई फसल को उन्हें मजबूरी में निजी व्यापारियों को बेचना पड़ रहा था। किसानों की लगातार मांग और विरोध के बाद प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए इस सीमा को बढ़ाकर ढाई क्विंटल (250 किग्रा) प्रति एकड़ कर दिया। लेकिन जब तक यह राहत भरा आदेश आया, तब तक कई किसान अपनी फसल बेच चुके थे। प्रशासनिक देरी के चलते किसानों को अपनी मेहनत की कमाई का उचित मूल्य नहीं मिल सका।

### सरकारी दर और बाजार भाव में बड़ा अंतर

मूंग के सरकारी समर्थन मूल्य और निजी बाजार की दरों में जमीन-आसमान का फर्क देखने को मिल रहा है जिसमें सरकारी समर्थन मूल्य में खरीदी 8768 रुपए प्रति कुंटल की जा रही है। वही निजी व्यापारियों की खरीदी दर ?6,500 – ?7,000 रुपए ही है। समर्थन मूल्य और बाजार भाव में प्रति क्विंटल लगभग ?1,700 से ?2,200 तक का भारी अंतर है। देर से आए फैसले के कारण किसानों को प्रति क्विंटल हजारों रुपये का सीधा घाटा सहकर अपनी उपज व्यापारियों के हाथों सौंपनी पड़ी।

# चोरी की बाइक सहित आरोपी

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 3 अगस्त. चौकी टिकरी पुलिस की त्वरित कार्रवाई में दो चोरी की मोटरसाइकिलों सहित आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एक टिकरी क्षेत्र से, दूसरी कोतवाली थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। दोनों मोटरसाइकिलें बरामद कर ली गई है।**

पुलिस के अनुसार फरियादी रजनीश कुशवाहा पिता रामकृपाल कुशवाहा उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम कतरवार, थाना मड़वास, जिला सीधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 02 अगस्त 2026 को वह अपनी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 53 एमजी 7740 से ग्राम भदौरा बाल कटवाने गया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल नाई की दुकान के सामने खड़ी की थी। लगभग आधे घंटे बाद बाहर आने पर मोटरसाइकिल मौके से गायब मिली। आसपास तलाश करने के बाद भी वाहन का कोई पता नहीं चला। चोरी गई



मोटरसाइकिल की अनुमानित कीमत 45 हजार रुपये बताई गई। रिपोर्ट पर चौकी टिकरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक संदिग्ध व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल लेकर छत्तीसगढ़ की ओर जाने की तैयारी में है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ लिया। पूंछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 53 एमजी 7740 ग्राम महोरा अंडरब्रिज के पास से चोरी की थी तथा एक अन्य मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 53 एमसी 5217 को भी चोरी कर टिकरी क्षेत्र में लाकर छिपाकर रखा था।

### मोटरसाइकिलें जब्त

आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने दोनों चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कर जप्त कर लीं। जांच में यह भी पाया गया कि मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 53 एमसी 5217 की चोरी का अपराध थाना कोतवाली, जिला सीधी में पंजीबद्ध है। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# हरिहरपुर में सेंध लगाकर हुई चोरी का खुलासा, चार आरोपी

▸ रिश्तेदारों ने बनाई गैंग और कर रहे थे जिले भर में वारदात

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 3 अगस्त, घर में सेंधमारी कर लाखों की चोरी को अंजाम देने वाले शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने पूछताछ के बाद चोरी किए गए जेवरात बरामद किए हैं जबकि उनके दो साथियों की तलाशकी जा रही है.**

सगरा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर निवासी उपेन्द्र सिंह के घर में घुसकर 23 जुलाई की रात बदमाशों ने लाखों रुपए के जेवर पार कर दिए थे जिसका मामला थाने में दर्ज था. पुलिस ने साइबर और सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया और घटना को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पकड़े गाए आरोपियों से पूछताछ करने पर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया. घटना दिनांक को आरोपी वारदात को अंजाम देने के इरादे से रेकी कर रहे थे जिनको हरिहरपुर गांव में उक्त घर मिलं गया. आरोपियों ने आराम से घटना को अंजाम दिया और चंपत हो गए. पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया था जहां से उनको चोरी का माल बरामद करने के लिए



रिमांड में लिया था. पकड़े गाए आरोपियों से चोरी काम बरामद करने के बाद आज उन्हें एक बार न्यायायल में पेश किया गया है. थाना प्रभारी सगरा दीपक तिवारी ने बताया कि पकड़े गाए आरोपियों ने अन्य थानों की घटनाएं भी स्वीकारी है. आरोपियों ने जवा थाना, लालगांव चौकी सहित अन्य स्थानों में चोरी की घटनाएं की है जिनके संबंध में सूचना संबंधित पुलिस को दी गई है. पुलिस अब अपने यहां दर्ज मामलों में बरामदगी के लिए उनको न्यायालय से रिमांड में लेगी जिनसे पूछताछ कर चोरी गायया सामान बरामद करेगी. पकड़े आरोपियों में नाजुल गोड 25 वर्ष उसका भाई राहुल गोड़ 19 वर्ष निवासी सेंदहा, करण गोड 32 वर्ष, भोला गोड़ 25 वर्ष निवासी बेलोही शामिल है. आरोपी आपस में रिश्तेदार है जो मिलकर चोरियां करते थे.


**AURANGABAD SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED (ASCDCL)**

Smart City

**REQUEST FOR PROPOSAL**

ASCDCL invites firms possessing relevant capabilities to respond to this RFP for following

| Sr.No. | Title and Tender ID No. | Bid Due Date | Bid Opening Date |
|---|---|---|---|
| 01 | Renovation works including Civil, Interior and Furniture works at Sant Tukaram Maharaj Natyagruh **2026_ASCDC_1324516_1** | 10-08-2026 5.00 PM | 11-08-2026 5.00 PM |


The tender document can be downloaded from **https://www.mahatenders.gov.in**

Sd/-

**Chief Executive Officer**

Aurangabad Smart City Development Corporation Limited


# मैहर में जनसंपर्क अधिकारी ने संभाला पदभार



**मैहर, 3 अगस्त।** जिला मैहर में नवपदस्थ जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री कपिल मिश्रा ने सोमवार को मैहर जिला मुख्यालय पहुंच कर विश्वविख्यात मां शारदा मंदिर में माता रानी के दर्शन कर जिले के सुख, समृद्धि और अपने सफल

# मरीज ने चिकित्सक पर लगाया मारपीट का आरोप

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 अगस्त । जिला अस्पताल बैढ़न के ट्रॉमा सेंटर में सर्पदंश के मरीज के उपचार के दौरान हुआ विवाद अब कानूनी कार्रवाई तक पहुंच गया है।**

डॉक्टर और मरीज पक्ष के बीच हुई कथित मारपीट एवं विवाद के मामले में बैढ़न थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में देर रात तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। पुलिस के अनुसार रविवार की रात सर्पदंश के मरीज सुरेन्द्र प्रसाद शाह निवासी गहिलरा के इलाज के दौरान ट्रॉमा सेंटर में भीड़भाड़ और अफरा-तफरी के बीच डॉक्टर विजय प्रताप बैस तथा मरीज पक्ष के बीच विवाद हो गया। मरीज के बेटे सुजीत कुमार शाह ने आरोप लगाया कि डॉक्टर और उनके स्टाफ ने गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की और मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। इस शिकायत पर पुलिस ने डॉक्टर विजय प्रताप बैस और संबंधित स्टाफ के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

दूसरी ओर डॉक्टर विजय प्रताप बैस ने भी बैढ़न थाने में शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया कि सुजीत कुमार शाह और उसके साथ आए लोगों ने अस्पताल परिसर में अभद्र व्यवहार करते हुए उनके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस शिकायत पर भी संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। बैढ़न थाना पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घटनास्थल, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# विस्थापन पर बड़ी पहल, एनसीएल को भेजा

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 अगस्त। मोरवा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-4 स्थित लाल कॉलोनी के विस्थापन को लेकर लंबे समय से बनी असमंजस की स्थिति अब समाप्त होती नजर आ रही है।**

नगर निगम ने लाल कॉलोनी में निवासरत परिवारों को भू-स्वामी मानते हुए एनसीएल को पत्र भेज दिया है। इस पहल के बाद यहां के पात्र परिवारों को विस्थापन, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन पैकेज का संपूर्ण लाभ मिलने की संभावना प्रबल हो गई है। सिंगरौली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल ने बताया कि लाल कॉलोनी के विस्थापन संबंधी विषय पर उन्होंने नगर निगम आयुक्त से विस्तृत चर्चा की थी। इसके बाद नगर निगम ने पिछले सप्ताह एनसीएल को पत्र जारी कर लाल कॉलोनी के निवासियों को भू-स्वामी के रूप में मान्यता देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में एनसीएल की ओर से संबंधित नोटिस जारी किए जाने की प्रक्रिया शेष है। नगर निगम और एनसीएल के बीच समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही नोटिस जारी कराने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि विस्थापन की प्रक्रिया आगे बढ़ सके।






# प्रधानमंत्री से दिल्ली में मिले विधायक रामनिवास

## सिंगरौली की सांस्कृतिक धरोहर की भेंट, सांसद व जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 अगस्त । सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने सोमवार को संसद भवन लोकसभा में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की।**

इस अवसर पर उन्होंने सांसद एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ सिंगरौली के समग्र विकास, जनहित से जुड़े विषयों तथा क्षेत्र की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत करने को लेकर चर्चा की। साथ ही श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि एवं माँ मधुमनी की



पावन धरा का प्रतीकात्मक चित्र प्रधानमंत्री को भेंट कर सिंगरौली की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से अवगत कराया।

मुलाकात के दौरान जनप्रतिनिधियों ने सिंगरौली के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर प्रधानमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया।

विशेष रूप से सिंगरौली एयरपोर्ट की आवश्यकता और क्षेत्र के आधारभूत विकास को लेकर भी अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी जनप्रतिनिधियों का आत्मीय अभिवादन स्वीकार करते हुए राष्ट्र निर्माण, जनसेवा और विकसित भारत के संकल्प के साथ कार्य करने का संदेश दिया।

### इस मौके पर इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, राज्यमंत्री राधा सिंह, देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम, धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, ब्यौहारी विधायक शरद कोल, भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह, , डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी भी मौजूद रहे। विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन सिंगरौली के विकास को नई गति देने के लिए प्रेरणास्रोत है और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99